## एक नजर में



### प्रधानमंत्री ने प्रज्ञानानंदा को दी बधाई

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा को प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट 2026 जीतने पर बधाई देते हुए उनकी इस उपलब्धि को भारतीय खेल इतिहास का गौरवपूर्ण क्षण बताया. प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सफलता प्रज्ञानानंदा की निरंतर उत्कृष्टता, प्रतिभा और समर्पण का प्रमाण है तथा आने वाले समय में वह देश को और अधिक गौरवान्वित करेंगे. नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के इतिहास में पहली बार किसी भारतीय खिलाड़ी ने खिताब अपने नाम किया है. वर्ष 2013 में शुरू हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतकर प्रज्ञानानंदा ने भारतीय शतरंज जगत में एक नया अध्याय जोड़ दिया है. उनकी यह सफलता इसलिए भी विशेष मानी जा रही है क्योंकि प्रतियोगिता में दुनिया के शीर्ष और सबसे मजबूत खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था.

### ध्रुव करेंगे श्रीलंका दौरे पर इंडिया ए की कप्तानी



**मुंबई.** विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल जून-जुलाई में श्रीलंका ए के ख़िलाफ़ गाले में होने वाले दो चार-दिवसीय मैचों में इंडिया ए की कप्तानी करेंगे. यह दौरा सीनियर टेस्ट टीम के आगामी श्रीलंका दौरे की तैयारियों के मद्देनजर आयोजित किया जा रहा है. इंडिया-ए की इस टीम में सीनियर टेस्ट टीम के कई मौजूदा और हालिया सदस्य शामिल हैं. इनमें बल्लेबाज़ बी साई सुदर्शन और देवदत्त पड़िक्कल, स्पिन-ऑलराउंडर हर्ष दुबे, तेज़ गेंदबाज़ गुरनूर बरार और अंशुल कम्बोज, और विकेटकीपर एन जगदीशन के साथ-साथ आक़िब नबी भी शामिल हैं, जिन्होंने 12.56 के शानदार औसत से सर्वाधिक 60 विकेट चटकाकर जम्मू-कश्मीर को पहली बार ऐतिहासिक रणजी ट्रॉफ़ी का ख़िताब जिताया था. टीम में एक दिलचस्प नाम उत्तर प्रदेश के लेगस्पिनर जीशान अंसारी का है, जिन्होंने अपना आख़िरी फ़र्स्ट-क्लास मैच जनवरी 2020 में खेला था.

### एसेक्स फार्म्स ने 9 विकेट से की जीत दर्ज

**नयी दिल्ली.** एसेक्स फार्म्स ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजीकृत) के ग्रुप-बी लीग मुकाबले में प्रोफेशनल मैनेजमेंट सी.सी. को शनिवार को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी. टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी एसेक्स फार्म्स की टीम ने प्रोफेशनल मैनेजमेंट सी.सी. को 16.5 ओवर में 137 रनों पर समेट दिया. प्रोफेशनल मैनेजमेंट की ओर से अनुज रावत ने 33 गेंदों पर आक्रामक 49 रन बनाए, जबकि आर्यन शर्मा ने 23 और प्रदीप मलिक ने 19 रनों का योगदान दिया. एसेक्स फार्म्स की ओर से निर्भय डागर और अमन गोस्वामी ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4-4 विकेट झटके, जबकि हर्ष भारद्वाज ने 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए. 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसेक्स फार्म्स की टीम ने मात्र 14.1 ओवर में 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया. द्वीप गहलोत ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 45 गेंदों पर नाबाद 73 रन बनाए, जबकि काव्या गुप्ता ने 37 गेंदों पर नाबाद 58 रनों की बेहतरीन पारी खेली. दोनों बल्लेबाजों ने शुरुआती विकेट गिरने के बाद मैच जिताऊ साझेदारी कर टीम को आसान जीत दिलाई. अपनी शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारी के लिए द्वीप गहलोत को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जबकि विपरीत परिस्थितियों में संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी के लिए अनुज रावत को फाइटर ऑफ द मैच पुरस्कार से सम्मानित किया गया. गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल सोसाइटी (रजि.) के महासचिव विशाल कात्याल एवं टूर्नामेंट सचिव कार्तिक शर्मा द्वारा खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया.

### सानिका के अर्धशतक से जीता आकाश टाइगर्स

**मुंबई.** आकाश टाइगर्स मुंबई वेस्टर्न सबअर्ब्स ने सानिका चालके के शानदार अर्धशतक की मदद से शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ठाणे स्काई राइजर्स पर सात विकेट की आसान जीत के साथ उद्घाटन नुवामा प्राइवेट टी20 मुंबई महिला लीग में अपनी पहली जीत दर्ज की. 157 रनों का पीछा करते हुए, टाइगर्स ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए चार गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया. सानिका ने 36 गेंदों में 68 रनों की शानदार पारी खेलकर शुरुआत से ही लक्ष्य निर्धारित कर दिया. उन्होंने हुमैरा काज़ी (18) के साथ केवल 7.2 ओवर में 69 रन की महत्वपूर्ण शुरुआती साझेदारी की. जबकि काजी ने सहायक भूमिका निभाई, सानिका ने गेंदबाजों पर आक्रमण करते हुए 10 चौके और दो छक्के लगाए और टाइगर्स को मजबूती से नियंत्रण में रखा. बाद में, फातिमा जाफ़र और मनाली दक्षिणी क्रमश: 28 और 29 रन बनाकर नाबाद रहीं और अपनी टीम को आसानी से घर ले गईं. इससे पहले, ठाणे स्काई राइजर्स ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर 156/6 का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया. सलामी बल्लेबाज मानसी पाटिल और वृषाली भगत ने 73 रन की साझेदारी करके अपनी टीम को ठोस शुरुआत दी. पाटिल ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि भगत ने 10वें ओवर में रिटायर होने से पहले 29 रन का योगदान दिया. हालाँकि, राइजर्स मजबूत नींव का फायदा उठाने में असमर्थ रहे क्योंकि मध्यक्रम को गति बनाए रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा. कप्तान साइमा ठाकोर ने निचले क्रम में उपयोगी 23 रन बनाकर अपनी टीम को संघर्षपूर्ण स्कोर खड़ा करने में मदद की.

# शुभमन-राहुल के शतक से भारत मजबूत

## भारत ने पहले ही दिन 368/3 का स्कोर बनाया



**मुल्लांपुर, 06 जून भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के पहले दिन जोरदार शुरुआत की. कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 103) और केएल राहुल (100) के शतकों की बदौलत टीम ने 85 ओवर में तीन विकेट पर 368 रन का विशाल स्कोर बनाया. टीम के हर बल्लेबाज ने महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिससे भारत को मजबूत स्थिति में दिन खत्म करने में मदद मिली.झ्र**

शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और अपने बल्लेबाजों के साथ मिलकर शानदार खेल दिखाया. टेस्ट में यह सवाल था कि लंबे और थके हुए टी20 सीजन के बाद खिलाड़ी रेड-बॉल क्रिकेट की मांगों के लिए कितनी जल्दी अनुकूल हो पाएंगे. पहले दिन के प्रदर्शन ने इस सवाल का जवाब जोरदार हां में दिया. यशस्वी जयसवाल (24) को छोड़कर सभी बल्लेबाजों ने अपने योगदान से टीम को मजबूत स्थिति दी. गिल और राहुल ने शतकीय साझेदारी के साथ टीम की नींव मजबूत की. गिल ने 143 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का की मदद से नाबाद 103 रन बनाए. केएल राहुल ने 185 गेंदों पर 11 चौकों के साथ शतक पूरा किया. इसके अलावा, साई सुदर्शन ने 104 गेंदों पर 81 रन बनाए जिसमें 13 चौके शामिल थे. ऋषभ पंत ने भी 70 गेंदों पर नाबाद 50 रन की पारी खेली जिसमें दो चौके और तीन छक्के थे. हालांकि, अफगानिस्तान ने मौके गंवाए. पहले राहुल के खिलाफ आसान रिव्यू नहीं लिया गया. उसके बाद सुदर्शन और पंत के कैच टपक गए, जो शायद मैच के परिणाम पर असर डाल सकते थे. कप्तान गिल की नेतृत्व क्षमता पहले दिन स्पष्ट रही, और उन्होंने टीम को स्थिरता के साथ आगे बढ़ाया.

> अफगानिस्तान की टीम ने कठिन परिस्थितियों में कड़ी मेहनत की. मौसम बेहद गर्म था और उनके तेज गेंदबाजों ने पहले दो सत्रों में जोरदार प्रयास किए. हालांकि, अंतिम सत्र में उनकी ऊर्जा घटती दिखाई दी, जिससे उन्होंने नई गेंद लेने का विकल्प नहीं चुना. यह निर्णय कल सुबह बदल सकता है जब गेंदबाज तरोताजा होंगे और परिस्थितियां अधिक अनुकूल होंगी. भारत ने पहले दिन अपने बल्लेबाजों की दमदार पारी के दम पर विपक्षी टीम पर दबाव बनाया. कप्तान गिल ने पहले दिन अपनी शतकीय पारी के साथ यह संदेश दिया कि वह टेस्ट कप्तान के रूप में लगातार प्रभावशाली प्रदर्शन कर रहे हैं. अब भारत का लक्ष्य होगा कि वे ऐसे स्कोर तक पहुंचें, जहां से उन्हें दूसरी पारी खेलने की आवश्यकता न पड़े.

> इस प्रकार, पहले दिन का खेल भारतीय टीम के लिए किसी उत्सव से कम नहीं रहा. बल्लेबाजों की शतकीय पारियों, मजबूत साझेदारियों और विपक्षी टीम की कमजोरी ने भारत को शानदार शुरुआत दी है. कल के दिन, भारत की बल्लेबाजी और अफगानिस्तान की गेंदबाजी की रणनीति मैच के आगे के स्वरूप को तय करेगी. गिल और राहुल की शतकीय साझेदारी ने न केवल टीम को मजबूती दी बल्कि युवा खिलाड़ियों को आत्मविश्वास भी प्रदान किया. सुदर्शन और पंत की आक्रामक पारी ने टीम की लय को बनाए रखा. यदि अफगानिस्तान कल नई गेंद और तरोताजा गेंदबाजों का उपयोग कर पाए तो मुकाबला रोचक बन सकता है, अन्यथा भारत का स्कोर और भी बढ़ सकता है.

# कोहली की जगह यशस्वी वनडे टीम में शामिल



**मुंबई, 06 जून हाल ही में सम्पन्न हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान मांसपेशियों में खिचांव के कारण विराट कोहली को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर कर दिया गया है.**

13 जून से शुरू होने वाली इस सीरीज के लिए कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया गया है. मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने आगामी टी-20 मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा करते हुए इस बात की पुष्टि की. उन्होंने ने कहा कि उम्मीद है कि कोहली जुलाई के मध्य में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में खेल पाएंगे. अगरकर ने कहा, 'विराट को (आईपीएल) फाइनल में चोट लगे हुए अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है. हमें अभी ठीक-ठीक समय का पता नहीं है. लेकिन ऐसा लगता है कि वह इंग्लैंड के खिलाफ़ वनडे सीरीज के लिए फिट हो सकते हैं. यह कोई पक्का जवाब नहीं है, इसलिए इसे मेरी बात न मान लें.

# बीसीए अध्यक्ष हर्षवर्धन ने वैभव को दी बधाई

## बीसीए ने कहा... बिहार क्रिकेट के लिए गर्व का ऐतिहासिक क्षण

### आईपीएल में दमदार प्रदर्शन के बाद राष्ट्रीय टीम में चयन

**पटना, 06 जून बिहार क्रिकेट के लिए यह एक ऐतिहासिक और गर्व का क्षण बन गया है, जब राज्य के युवा क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टी20 टीम में शामिल किए जाने की आधिकारिक घोषणा हुई. उनके चयन के बाद पूरे बिहार क्रिकेट जगत में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई है.**

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने इस उपलब्धि को राज्य के क्रिकेट इतिहास में एक मील का पत्थर बताते हुए इसे लंबे समय से चल रहे प्रयासों और युवा प्रतिभाओं के उभरने का प्रमाण बताया है. बीसीए के अध्यक्ष हर्षवर्धन ने वैभव सूर्यवंशी को बधाई देते हुए कहा कि उनका चयन केवल एक खिलाड़ी की व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि यह बिहार में क्रिकेट के लगातार बढ़ते स्तर, खिलाड़ियों की मेहनत और राज्य से निकल रही नई प्रतिभाओं का स्पष्ट संकेत है. उन्होंने कहा कि वैभव ने अपने खेल से यह साबित किया है कि बिहार के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं.

जानकारी के अनुसार, वैभव सूर्यवंशी को भारतीय टी20 टीम में इंग्लैंड दौरे, आयरलैंड दौरे और जापान में आयोजित होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए शामिल किया गया है. उनके प्रदर्शन की सबसे बड़ी खासियत उनकी निरंतरता और बड़े शॉट खेलने की क्षमता रही, जिसने उन्हें टूर्नामेंट के सबसे चर्चित युवा खिलाड़ियों में शामिल कर दिया. आईपीएल 2026 में वैभव सूर्यवंशी ने न केवल रन बनाए, बल्कि अपने नाम कई रिकॉर्ड भी दर्ज किए.

> यह पहला अवसर होगा जब वैभव भारतीय सीनियर टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे और अंतरराष्ट्रीय टी20 क्रिकेट में अपना डेब्यू कर सकते हैं. इस चयन को उनके करियर का सबसे बड़ा टर्निंग प्वाइंट माना जा रहा है. वैभव का चयन हाल ही में समाप्त हुए आईपीएल 2026 में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद हुआ, जहां उन्होंने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान आकर्षित किया. राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए उन्होंने पूरे सीजन में लगातार बेहतरीन स्ट्राइक रेट बनाए रखा और विपक्षी गेंदबाजों के खिलाफ निडर होकर रन बनाए.

# मीनाक्षी-दीपक वर्ल्ड बॉक्सिंग कप में



**नयी दिल्ली, 06 जून वर्ल्ड नंबर 1 मीनाक्षी और अनुभवी बॉक्सर दीपक, चीन के गुइयांग में 15 जून से 21 जून तक होने वाले वर्ल्ड बॉक्सिंग कप 2026 (स्टेज 2) में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे.**

भारत पिछले वर्ल्ड कप साइकल में शानदार प्रदर्शन के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रहा है, जहाँ टीम ने लगातार कई स्टेज में कई मेडल जीते और फ़ाइनल में भी अच्छा प्रदर्शन किया, जिससे ग्लोबल लेवल पर उसकी बढ़ती पहचान का पता चलता है.

बॉक्सिंग फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडिया (बीएफआई) ने एक मज़बूत टीम चुनी है जिसमें पुरुष और महिला दोनों कैटेगरी में अनुभवी खिलाड़ियों और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण है. टॉप 10 रैंक वाले एथलीटों के मामले में भारत अभी दुनिया में तीसरे स्थान पर है, जिसमें महिला कैटेगरी में दूसरा और पुरुष कैटेगरी में चौथा स्थान शामिल है. खास बात यह है कि टॉप 3 रैंक वाले एथलीटों के मामले में भारत महिला डिवीज़न में दुनिया में सबसे आगे है, जो एलीट लेवल पर उसके दबदबे को दिखाता है. यह टूर्नामेंट भारतीय बॉक्सरों के लिए जरूरी रैंकिंग पॉइंट हासिल करने और एक अहम कॉम्पिटिटिव सीजन में अपनी लय बनाए रखने का एक बड़ा मौका है.

टीम के बारे में बात करते हुए बीएफआई के प्रेसिडेंट अजय सिंह ने कहा, 'वर्ल्ड बॉक्सिंग कप हमारे एथलीटों के लिए टॉप इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन के सामने खुद को परखने का एक अहम प्लेटफ़ॉर्म है.

### रीवा ने बुंदेलखंड को 74 रन पर किया ऑलआउट

**इंदौर.** इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए आदित्य बिड़ला ग्रुप मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) ञ्20 सिंधिया कप 2026 में रीवा जगुआर्स ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए बुंदेलखंड बुल्स को 9 विकेट से हरा दिया. रीवा जगुअर्स ने बुंदेलखंड बुल्स के खिलाफ़ ज़बरदस्त गेंदबाज़ी की. पहले गेंदबाज़ी करने का फ़ैसला करने के बाद, जगुआर्स ने तुरंत अपना असर दिखाया. बुंदेलखंड बुल्स के कप्तान और ओपनर अभिषेक पाठक को पारी की पहली ही गेंद पर जीवनदान मिला जब उनका कैच छूट गया, लेकिन रीवा ने जल्द ही इसकी भरपाई कर ली. रामवीर गुर्जर ने अगली ही गेंद पर हर्ष गवली को 'गोल्डन डक' (पहली गेंद पर आउट) पर पवेलियन भेज दिया और एकतरफ़ा गेंदबाज़ी प्रदर्शन की नींव रखी.

# श्रेयस बने टी-20 टीम के कप्तान

### बीसीसीआई ने तीन प्रतियोगिताओं के लिए किया टीम का ऐलान



**मुम्बई 06 जून. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को आयरलैंड और इंग्लैंड के आगामी दौरों (जून-जुलाई) और सितंबर से जापान में होने वाले 2026 एशियाई खेलों के लिए श्रेयस अय्यर को राष्ट्रीय टी-20 टीम का नया कप्तान बनाया है.**

राष्ट्रीय टीम चयनकर्ताओं युवा आतिशी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में शामिल किया है. तिलक वर्मा भारतीय टीम के उपकप्तान होंगे. इसके अलावा 15 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है. उन्हें तीनों टीमों जगह मिली है. टीम में हर्षित राणा की भी वापसी हुई है, जिन्होंने आखिरी बार इस साल फरवरी की शुरुआत में कोई प्रतिस्पर्धी मैच खेला है. , सूर्यकुमार यादव को टीम में जगह भी नहीं मिली है.

वहीं, घरेलू मैदान पर विश्वकप के दौरान नौ पारियों में 136.72 के स्ट्राइक रेट से 242 रन बनाने वाले 35 साल के सूर्यकुमार को खराब फॉर्म के कारण टीम से बाहर कर दिया गया.

## एकतरफा जीत

### कोरिया को 3-0 से हराया : संदीप, कप्तान स्वीटी और नौशीन के गोल से मिली जीत

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने जीता कांस्य पदक



**काकामिगाहारा (जापान), 06 जून भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने शनिवार को तीसरे स्थान के मुकाबले में कोरिया को 3-0 से हराकर महिला अंडर-18 एशिया कप में कांस्य पदक अपने नाम किया.**

भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और पूरे मैच में मजबूत डिफेंस तथा सटीक फिनिशिंग के दम पर एकतरफा जीत दर्ज की. सेमीफाइनल में चीन से शूटआउट में मिली करीबी हार के बाद भारतीय टीम ने तीसरे स्थान के मुकाबले में मजबूत वापसी का इरादा दिखाया. टीम ने मैच की शुरुआत बेहद तेज की और दूसरे ही मिनट में बढ़त हासिल कर ली. संदीप कुमारी ने शुरुआती मिनटों में शानदार मैदानी गोल करते हुए भारत को 1-0 से आगे कर दिया, जिससे मैच का रुख भारत की ओर मुड़ गया.

इसके बाद भारत ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और लगातार अटैकिंग सर्कल में दबाव बनाते हुए मौके तैयार किए. 16वें मिनट में कप्तान स्वीटी कुजूर ने मैदानी गोल दागकर बढ़त को 2-0 कर दिया. इस गोल के साथ भारत ने पहले हाफ में अपनी पकड़ और मजबूत कर ली और कोरियाई टीम पर दबाव बढ़ा दिया.

दो गोल की बढ़त के बाद भारत ने दूसरे हाफ में भी अपने खेल की गति को बरकरार रखा. 33वें मिनट में टूर्नामेंट की टॉप स्कोरर नौशीन नाज ने शानदार फील्ड गोल करते हुए स्कोर 3-0 कर दिया. इस गोल के साथ नौशीन नाज के खाते में टूर्नामेंट में कुल 12 गोल हो गए और उन्होंने स्कोरिंग चार्ट में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली. पूरे मुकाबले में भारतीय डिफेंस यूनिट बेहद अनुशासित नजर आई और उन्होंने कोरिया को एक भी स्पष्ट गोल करने का मौका नहीं दिया. भारत ने न सिर्फ मजबूत रक्षात्मक खेल दिखाया बल्कि काउंटर-अटैक के जरिए भी लगातार खतरा बनाए रखा. टीम ने अंत तक अपनी बढ़त कायम रखते हुए क्लीन शीट के साथ मुकाबला समाप्त किया.

> शानदार शुरुआत और निर्णायक गोल के लिए संदीप कुमारी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया. भारत की यह जीत टीम के आत्मविश्वास को मजबूत करने वाली रही और युवा खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत दिए. इस जीत के साथ भारतीय टीम ने महिला अंडर-18 एशिया कप का कांस्य पदक अपने नाम करते हुए अभियान का सकारात्मक अंत किया.

## पेज एक का शेष

# एमपी वैश्विक निवेश का उभरता केंद्र

**इंदौर और पीथमपुर बन रहे औद्योगिक हब :** मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि इंदौर-पीथमपुर क्षेत्र फार्मास्यूटिकल, ऑटोमोबाइल, इंजीनियरिंग और आईटी क्षेत्र का प्रमुख केंद्र बन चुका है. मध्यप्रदेश में निर्मित दवाएं, इंजीनियरिंग उत्पाद, टेक्सटाइल, कृषि एवं खाद्य उत्पाद लैटिन अमेरिकी देशों तक पहुंच रहे हैं. उन्होंने कहा कि ब्राजील, मेक्सिको, पेरू और अन्य देशों के साथ औद्योगिक एवं तकनीकी सहयोग की अपार संभावनाएं हैं.

**कृषि, स्टार्टअप और उद्योगों में अपार संभावनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का 'फूड बास्केट' बनकर उभरा है. कृषि, फूड प्रोसेसिंग, नवीकरणीय ऊर्जा, विनिर्माण और स्टार्टअप क्षेत्र में निवेश के अनेक अवसर उपलब्ध हैं. प्रदेश में 6,000 से अधिक स्टार्टअप कार्यरत हैं, जिनमें 45 प्रतिशत से अधिक महिलाओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं. अगले पांच वर्षों में छह प्रमुख औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं.

**इंदौर की विशेष पहचान :** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की नगरी इंदौर केवल देश का सबसे स्वच्छ शहर ही नहीं, बल्कि व्यापार, सुशासन और आर्थिक गतिविधियों का भी प्रमुख केंद्र है. इंदौर ने सदियों से व्यापारिक समृद्धि और उत्कृष्ट प्रशासन की परंपरा को आगे बढ़ाया है.

**भारत-लैटिन अमेरिका संबंध होंगे और मजबूत :** मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत और लैटिन अमेरिकी देशों के बीच सांस्कृतिक मूल्यों, लोक परंपराओं और प्रकृति के प्रति सम्मान जैसी कई समानताएं हैं, जो आर्थिक सहयोग की मजबूत आधारशिला बन सकती हैं. उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में मध्यप्रदेश का लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियाई देशों के साथ निर्यात लगभग 3,835 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है. मुख्यमंत्री ने सभी प्रतिनिधियों को जनवरी 2027 में प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट त्न्ढ्ढस्-2027 तथा सिंहस्थ 2028 में शामिल होने का आमंत्रण दिया.

**निवेश की संभावनाओं पर चर्चा :** फोरम में 15 देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों, राजनयिकों, ट्रेड कमिश्नरों और भारतीय उद्योगपतियों ने भाग लेकर व्यापार एवं निवेश सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की. इस अवसर पर इंडिया-लैटिन अमेरिका एवं कैरेबियन विशेषांक 'बिजनेस टाइकून्स' पत्रिका तथा फोरम के आधिकारिक डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी शुभारंभ किया गया.